तापमान

अधिकतम 36.0 डिग्री

न्यूनतम 23.0 डिग्री

हरिभूमि

# रत्न भूमि

रायपुर, शनिवार 4 अप्रैल 2026



11 खौफ का अंत, विकास का आरंभ, नक्सलियों के पूर्व गढ़ आमामोरा...





12 भीषण गर्मी के बीच पैरी नदी में बच्चों की धमा चौकड़ी...






## खबर संक्षेप

### कांग्रेस पदाधिकारियों का सम्मान समारोह और अहम बैठक आज

**छुरा।** ब्लॉक कांग्रेस के अंतर्गत नवगठित पदाधिकारियों का सम्मान समारोह एवं पंचायत अध्यक्ष एवं बूथ गठन के सम्बन्ध में आवश्यक बैठक शनिवार 4 अप्रैल को शाम 4 बजे राजमहल प्रांगण में रखी गई है, जिसमें मुख्य अतिथि प्रथम पंचायत मंत्री अमितेश शुक्ल रहेंगे और अध्यक्षता जिला अध्यक्ष सुखचंद बेसरा रहेंगे। ब्लॉक अध्यक्ष महेश्वरी शाह ने सभी कांग्रेस कार्यकर्ताओं से ज्यादा से ज्यादा संख्या में उपस्थित होने की अपील की है।

### बाइक की टक्कर से एक घायल

**महासमुंद।** चंडी मंदिर दर्शन करने गया एक युवक बाइक की टक्कर से घायल हो गया। कोतवाली पुलिस ने बताया कि 25 मार्च को लक्की पुरेना अपने दोस्त भूषण डहरिया के साथ चंडी मंदिर दर्शन करने के लिए गया था। स्वागत द्वार के पास पहुंचने पर मंदिर की ओर आ रही मोटर सायकल सीजी-06-सीवी-2209 के चालक ने उनके बाइक को सामने से ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर दिया। घटना में लक्की के सिर, नाक, और मुंह में चोट आई। मामले की रिपोर्ट पर आरोपी वाहन चालक के विरूद्ध जुर्म दर्ज किया गया है।

### महुआ शराब जब्त युवक पर कार्रवाई

**महासमुंद।** ओवरब्रिज के पास इमली पेड़ के नीचे इंदिरा कॉलोनी बसना में पुलिस ने एक युवक के कब्जे से महुआ शराब बरामद किया गया है। पुलिस ने आरोपी पुष्पा कोसरिया पति स्व पीतांबर कोसरिया (32 साल) निवासी इंदिरा कॉलोनी के कब्जे से 20 लीटर देशी हाथ भट्ठी महुआ शराब कीमत 4000 रुपए को बरामद किया। मामले में धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत जुर्म दर्ज किया गया है।

### पेट्रोल पंप में युवती से मारपीट, जुर्म दर्ज

**महासमुंद।** पेट्रोल पंप में काम करने वाली युवती से मारपीट के मामले आरोपी के विरूद्ध सरायपाली थाने में मामला दर्ज किया गया है। पुलिस को सुनीता सिदार ने बताया कि वह मोतीलाल ओमप्रकाश पेट्रोल ग्राम बगईजोर में सेल्समैन पद पर कार्य करती है। 2 अप्रैल को पेट्रोल पंप में अपनी सहेली गोमती पटेल के साथ ड्यूटी पर थी। लगभग 12.30 बजे ग्राम बालसी का योगेश लोहानी पेट्रोल पंप में आकर उसकी सहेली से मारपीट करने लगा। जब उसने बीच बचाव किया, तब आरोपी ने गालियां और जान से मारने की धमकी देते हुए मारपीट की। प्रार्थिया की रिपोर्ट पर आरोपी के विरूद्ध मामला दर्ज किया गया है।

### मारपीट, जान से मारने की धमकी

**महासमुंद।** मारपीट और जान से मारने की धमकी देने के मामले में कोमाखान थाने में आरोपी के विरूद्ध जुर्म दर्ज किया गया है। पुलिस को बिंद्रावन के राजाराम यादव ने बताया कि 2 अप्रैल की शाम करीबन 7 बजे अपने खेत के बोर की ओर गया था। वहां ग्राम लोंदामुडा निवासी जीवन देवांगन भी आया तब उसने उससे पूछा कि इधर क्यों आया है। इस पर आरोपी ने गाली व जान से मारने की धमकी देते हुए मारपीट किया। रिपोर्ट पर आरोपी के विरूद्ध धारा 115(2), 296, 351(2) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज किया है।

### बागबाहरा में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर कल से

**बागबाहरा।** गायत्री परिवार ट्रस्ट बागबाहरा के तत्वावधान में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन 5 अप्रैल से 11 अप्रैल 2026 तक गायत्री शक्ति पीठ वार्ड क्रमांक 7 बस स्टैंड के पास किया जाएगा। शिविर में एक्यूप्रेशर, मैग्नेट थेरेपी एवं प्राकृतिक चिकित्सा के माध्यम से विभिन्न रोगों का उपचार किया जाएगा।

# अप्रैल की शुरुआत में ही भीषण गर्मी का कहर, दोपहर में बाजार सूने

हरिभूमि न्यूज ▸▸| राजिम

अप्रैल माह की शुरूआती दौर में ही गर्मी ने अपना रौद्र रूप दिखाना शुरू कर दिया है। तापमान में लगातार हो रही बढ़ोतरी ने आमजन का जीना मुश्किल कर दिया है। हालत यह है कि दोपहर 12 बजे से लेकर शाम 4 बजे तक शहर के प्रमुख बाजारों में सन्नाटा पसरा हुआ नजर आ रहा है। जहां आम दिनों में चहल-पहल रहती थी, वहीं अब सड़कें वीरान और बाजार खाली दिखाई दे रहे हैं। तेज धूप और गर्म हवाओं के चलते लोग घरों से निकलने से बच रहे हैं। आवश्यक काम होने पर ही लोग बाहर निकल रहे हैं, वह भी सिर पर कपड़ा या टोपी और पानी की बोतल के साथ। गर्मी के कारण बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक सभी वर्ग के लोग परेशान हैं। गर्मी से राहत पाने के लिए लोग अब ठंडे पेय पदार्थों की ओर रुख कर रहे हैं। शहर के विभिन्न स्थानों पर लगे कोल्ड ड्रिंक, आइसक्रीम, कुल्फी और गन्ना रस के ठेलों पर लोगों की भीड़ देखी जा रही है। खासकर दोपहर के समय ये सेंटर लोगों के लिए राहत का ठिकाना बन गए हैं। गन्ने रस की दुकानों पर तो लंबी कतारें तक लग रही हैं। स्वास्थ्य विशेषज्ञों का भी कहना है कि इस भीषण गर्मी में सावधानी बरतना बेहद जरूरी है। बिना जरूरत धूप में बाहर निकलने से बचें, पर्याप्त मात्रा में पानी पिएं और हल्के कपड़े पहनें। लू से बचाव के लिए छाता, गमछा या टोपी का उपयोग करना चाहिए। मौसम के इस बदलते मिजाज ने लोगों की दिनचर्या पर ▸▸| शेष पेज 10 पर

### तेज गर्मी और तपन से हर कोई हलाकान



#### ठंडे पेय पदार्थों का सहारा, गन्ने रस के ठेलों पर भीड़

बस स्टैण्ड दोपहर के बाद बिल्कुल सूना हो जाता है। गर्मी को देखते हुए शहर के भीतर देखोगे तो किसी भी दुकान में ग्राहक नजर नहीं आते। देहात के गांव में दोपहर को लोग बेचैन होकर घरों के बाहर बरामदे में या झाड़ के नीचे बैठकर गमछा या रूमाल से अपने आपको झलते नजर आ रहे हैं। गर्मी से बचने के लिए लोग कोलड्रिंक्स बर्फ के गोले, आईस्क्रीम, शर्बत, गन्ना रस आदि का सेवन बहुतायत रूप से कर रहे हैं। आईस्क्रीम और कोलड्रिंक्स की डिमांड बढ़ चुकी है। इन्हीं कार्नरों में भीड़ देखने को मिलती है। गर्मी के इस मौसम में यदि कभी-कभार आसमान पर बादल आते हैं तो लोगों को इससे काफी सुकून का अहसास होता है।अभी ईलाके में शादी का सीजन चल रहा है। सफर करने वाले लोग ज्यादातर नकाब में ही नजर आ रहे हैं।

## सौगात : विधायक के प्रयासों से करोड़ों के विकास कार्यों की सौगात

# भेण्डरी-रवेली मार्ग पर बनेगा नया पुल तर्रा व कुटेना में गौरवपथ को मंजूरी

हरिभूमि न्यूज ▸▸| राजिम/कोपरा

राजिम विधानसभा क्षेत्र में बुनियादी सुविधाओं और सड़क कनेक्टिविटी को नई मजबूती मिल रही है। विधायक रोहित साहू की अनुशंसा पर राज्य शासन द्वारा क्षेत्र की महत्वपूर्ण मांगों पर मुहर लगाते हुए भेण्डरी-रवेली मार्ग पर नए पुल के निर्माण के साथ-साथ छुरा एवं फिंगेश्वर विकासखंड में मुख्यमंत्री ग्राम गौरवपथ योजना के तहत सीसी सड़क निर्माण की स्वीकृति प्रदान की गई है। ज्ञात हो कि भेंडूरी-रवेली मार्ग पर स्थित वर्तमान पुल की ऊंचाई कम होने एवं जर्जर स्थिति के कारण मानसून के दौरान ग्रामीणों को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता था। जलभराव के चलते कई दिनों तक संपर्क बाधित रहता था।और क्षेत्र वासियो द्वारा वर्षो से मांग कर रहे थे, अब नए पुल के निर्माण से आवागमन बारहमासी, सुरक्षित एवं सुगम हो जाएगा। यह मार्ग पर्यटन की दृष्टि से भी महत्वपूर्ण है, जिससे झरझरा, जतमई एवं घटारानी जैसे प्रमुख स्थलों तक पहुंच आसान होगी। पुल निर्माण के साथ ही मुख्यमंत्री ग्राम गौरवपथ योजना के अंतर्गत छुरा विकासखंड के ग्राम कुटेना में मुख्य मार्ग से चतुर्भुज आश्रम सिरकट्टी तक 300 मीटर लंबी सड़क निर्माण के लिए 30.39 लाख रुपए तथा फिंगेश्वर विकासखंड के ग्राम तर्रा में 1400 मीटर लंबी सड़क निर्माण हेतु 136.56 लाख रुपए की स्वीकृति प्रदान की गई है। उल्लेखनीय है कि ग्राम तर्रा में सड़क निर्माण की मांग को लेकर पूर्ववर्ती सरकार के समय ग्रामीणों द्वारा मुख्य मार्ग पर चक्काजाम कर विरोध प्रदर्शन भी किया गया था। अब इस मांग के पूर्ण होने से ग्रामीणों में विशेष उत्साह देखा जा रहा है। इन कार्यों की स्वीकृति से क्षेत्र के ग्रामीणों में खुशी का माहौल है। भेण्डरी-रवेली मार्ग पर स्थित वर्तमान पुल मानसून में जलमग्न हो जाने से दर्जनों गांवों का संपर्क टूट जाता था। विधायक की पहल पर अब 5 करोड़ 32 लाख 79 हजार रुपए की लागत से 100 मीटर लंबे उच्च स्तरीय पुल का निर्माण किया जाएगा, जिससे ग्रामीणों व श्रद्धालुओं को बड़ी राहत मिलेगी।



फाइल फोटो

#### विकास का रथ अब नहीं रुकेगा

इस स्वीकृति पर विधायक रोहित साहू ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि लंबे समय से प्रतीक्षित इस पुल निर्माण की स्वीकृति क्षेत्र के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि अब ग्रामीणों की समस्याओं का समाधान तेजी से किया जा रहा है। उन्होंने भारतीय जनता पार्टी की सरकार मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, लोक निर्माण मंत्री अरुण साव तथा वित्त मंत्री ओपी चौधरी के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि हमारा संकल्प सशक्त व समृद्ध राजिम का निर्माण करना है, और विकास का यह रथ अब नहीं रुकेगा।

# प्रेम प्रसंग में युवक को बेदम पीटा फिर जिंदा दफनाया

## 5 आरोपी गिरफ्तार, 1 फरार



हरिभूमि न्यूज ▸▸| अभनपुर

अभनपुर थाना क्षेत्र में मिले अज्ञात शव के अंधेकत्ल का पुलिस ने खुलासा करते हुए एक जघन्य हत्या का पदार्फाश किया है। जांच में सामने आया कि प्रेम प्रसंग और विवाद के चलते युवक की बेरहमी से पिटाई कर उसे अधमरी हालत में मुरूम गड्ढे में जिंदा दफन कर दिया गया था। इस सनसनीखेज मामले में पुलिस ने एक महिला सहित कुल 5 आरोपियों को गिरफ्तार किया है, जबकि एक अन्य आरोपी अब भी फरार है।

■ आरोपियों ने युवक को आटो बिठाकर घूम-घूमा कर पीटा फिर की हत्या

इस पूरे मामले के खुलासे में पुलिस महानिरीक्षक रायपुर रेंज अमरेश मिश्रा, पुलिस अधीक्षक रायपुर ग्रामीण श्वेता श्रीवास्तव सिन्हा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) अभिषेक झा, नगर पुलिस अधीक्षक तुसली राम लेकाम के निर्देशन में थाना प्रभारी अभनपुर निरीक्षक सत्येन्द्र सिंह श्याम एवं एण्टी क्राइम एंड साइबर यूनिट प्रभारी निरीक्षक सचिन सिंह की टीम की अहम भूमिका रही। 21 मार्च को ग्राम भरेंगाभाठा से नवागांव मार्ग के किनारे एक मुरूम गड्ढे में संदिग्ध परिस्थितियों में एक युवक का शव दफन मिलने की सूचना मिली थी। शव का एक हाथ और पैर बाहर दिखाई देने से क्षेत्र में हडक़ंप मच गया था। सूचना पर पहुंची अभनपुर पुलिस ने ▸▸| शेष पेज 10 पर

# सहसपुर एनीकेट निर्माण में अनियमितता





हरिभूमि न्यूज ▸▸| कोपरा

इन दिनों जल संसाधन विभाग द्वारा करोडो रूपये के एनीकेट निर्माण कार्य फिंगेश्वर क्षेत्र के ग्राम सहसपुर के सरगी नदी मे चल रहा है। जहां गुणवत्ताहीन कार्य पर उठने लगे हैं। सवाल स्थानीय जिला पंचायत सदस्य, सरपंच, पंच आम नागरिक विभाग द्वारा किये जा रहे निर्माण कार्य से परेशान है ग्रामीणों की एक नहीं चल रही लिहाजा घटिया एनीकेट निर्माण किया जा रहा है जहां अभी से दरारे आने लगी है, शुक्रवार कों क्षेत्र के जिला पंचायत सदस्य इंद्रजीत महाडिक निर्माण कार्य के निरक्षण करने पहुंचे इस दौरान जिम्मेदार व्यक्ति मौके पर नहीं मिले और कार्य कों भगवान भरोसे छोड़ दिये है। इस पूरे मामले को लेकर जब जिम्मेदार अधिकारी पांडुका एसडीओ महेश पंन्डोरीय कों कार्यालय में जानकारी लेना चाहा तो वहां नहीं मिले। कॉल रिसीव नहीं किया।

# 12.50 लाख का गांजा बरामद अंतरराज्यीय तस्कर गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▸▸| गरियाबंद

जिले में नशे के खिलाफ चलाए जा रहे ऑपरेशन निश्चय के तहत पुलिस को एक बड़ी सफलता हाथ लगी है। देवभोग थाना क्षेत्र में पुलिस ने अंतरराज्यीय गांजा तस्कर को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 25 किलोग्राम अवैध गांजा जब्त किया है, जिसकी कुल कीमत करीब 12 लाख 50 हजार रुपए आंकी गई है।

मिली जानकारी के अनुसार, 2 अप्रैल 2026 को पुलिस टीम एमसीपी कार्रवाई के तहत खुटगांव चेक पोस्ट नाका पर वाहनों की जांच कर रही थी। इसी दौरान उड़ीसा के धरमगढ़ की ओर से एक संदिग्ध युवक पैदल देवभोग की




ओर आते दिखाई दिया। युवक के पास एक सफेद प्लास्टिक थैला और काला पिट्ठू बैग था। संदेह के आधार पर उसे रोककर पूछताछ की गई, लेकिन वह संतोषजनक जवाब नहीं दे ▸▸| शेष पेज 10 पर

## विधायक ने पूजा पाठ कर हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

# राजिम को मिली 4 नई एंबुलेंस की सौगात

हरिभूमि न्यूज ▸▸| राजिम

क्षेत्र की स्वास्थ्य सुविधाओं को सुदृढ़ करने और आपातकालीन स्थिति में मरीजों को त्वरित सहायता पहुँचाने के उद्देश्य से चार नई एंबुलेंस की सौगात मिली है जिसे विधायक रोहित साहू ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इन आधुनिक जीवनरक्षक वाहनों के आने से अब गरियाबंद जिले के छुरा और फिंगेश्वर विकासखंड में आपातकालीन चिकित्सा सेवाएँ और अधिक प्रभावी हो जाएंगी। ये सभी चार नए एंबुलेंस में से छुरा विकासखंड के लिए 2 नई एंबुलेंस प्रदान की गई हैं तथा फिंगेश्वर विकासखंड के लिए भी 2 नई एंबुलेंस की सौगात मिली है। जिसमें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र फिंगेश्वर, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र राजिम, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र छुरा और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पाण्डुका को प्रदाय की गई। इस अवसर पर विधायक रोहित साहू ने कहा कि लंबे समय से स्थानीय निवासियों और स्वास्थ्य विभाग को पुरानी हो चुकी एंबुलेंसों के कारण परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था।

#### पुरानी समस्याओं से मिलेगी मुक्ति

अक्सर तकनीकी खराबी या देरी के कारण मरीजों को समय पर अस्पताल पहुंचने में बाधा आती थी।अब इन नई और सुसज्जित एंबुलेंसों के आने से मरीजों को समय पर इलाज मिलेगा और स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार होगा। नई एंबुलेंस अत्याधुनिक उपकरणों से लैस हैं, जो गंभीर स्थिति वाले मरीजों को अस्पताल ले जाते समय एंबुलेंस में ही प्राथमिक उपचार सुनिश्चित करेंगी। यह सेवा जीवनरक्षक सिद्ध होगी। इस अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष महेश यादव, उपाध्यक्ष पूर्णिमा चंद्राकर,जनपद पंचायत अध्यक्ष इंद्राणी-नेहरू साहू, जिला पंचायत सभापति नंदनी-ओंकार साहू,जनपद



पंचायत उपाध्यक्ष सतीश यादव,भाजपा मंडल अध्यक्ष रिकेश साहू,पूर्व मंडल अध्यक्ष कमल सिन्हा, विधायक प्रतिनिधि विजय कंडरा, पार्षद भारत यादव, कुलेश्वर साहू,ओंकार साहू एवं स्थानीय जनप्रतिनिधि,स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी कर्मचारी मौजूद थे।

# दो साल से वेतन नहीं मिलने से रसोइए और स्वीपर दाने-दाने को मोहताज

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रसेला

क्षेत्र में आदिवासी बालक छात्रावास के आश्रमों में भोजन बनाने वाले रसोइया को दो वर्षों से उनका वेतन नहीं मिलने से घरेलू हालत बेहद दयनीय हो चुकी है। मात्र 10 हजार रुपए के मामूली वेतन में सुबह शाम भट्टी की आग में तपकर ये रसोइया बच्चों के लिए भोजन तैयार करते हुए, लेकिन विडंबना यह है कि क्षेत्र सहित जिले के आश्रमों में बच्चों के लिए भोजन तैयार करने वाले रसोइया को दो वर्षों से वेतन नहीं मिला है। खुमन निषाद रसोइया का कहना है कि वे तड़के सुबह उठकर बच्चों के लिए नाश्ता और खाना तैयार करते हैं ताकि बच्चे समय पर स्कूल जाकर मां बाप का सहारा बने और खुद का भविष्य संवर सकें। शाम को भी भोजन तैयार उनकी जिम्मेदारी होती है। धुएं और तेज गर्मी के बीच घंटों काम करना उनकी मजबूरी बन गई है। लेकिन इसके बदले उन्हें न तो समय पर वेतन मिल रहा है और न ही किसी प्रकार की सुविधाएं।



रसोइया का करीब दो वर्षों से वेतन नहीं मिलने के कारण उनके परिवार की आर्थिक स्थिति पूरी तरह चरमरा गई है। घर चलाने के लिए उन्हें रिश्तेदारों और दूकानदारो से उधार लेने में विवश हैं। हालात ऐसे हो गए है कि रोजमर्रा की जरूरत पूरी करना भी मुश्किल हो रहा है। इस तरह स्वीपर ▸▸| शेष पेज 10 पर

## खबर संक्षेप

### रांवड़ में रामायण का शानदार कार्यक्रम



**राजिम।** रांवड़ में श्री हनुमान प्राकट्य उत्सव के अवसर पर मंदिर समिति व ग्रामवासियो द्वारा श्री हनुमान जी महाराज का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। संध्याकालीन बेला में जय बजरंग मानस मंडली द्वारा रामायण का कार्यक्रम रखा गया। रामायण प्रस्तुति करने मानस मंडली के अध्यक्ष भुवन पटेल, टोमन साहू, दौलत साहू, हेमन्त साहू, हरिशंकर यादव, धनेश साहू, अवध निषाद, राजेंद्र साहू, प्रकाश साहू, तुलसी पटेल, खुमान पटेल की टीम मौजूद थी। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में श्री हनुमान मंदिर समिति के ओमप्रकाश साहू, तोरण यादव, त्रिलोक निर्मलकर, मनोज यादव, अमृतानन्द साहू, भूपेंद्र साहू, गुनी देवांगन, जानी पटेल, चंद्रहास सेन, युवराज सेन, परमानन्द पटेल का अच्छा योगदान रहा।

### जमाही में हनुमान जन्मोत्सव की धूम



**छुईहा बेलर।** हनुमान जयंती के अवसर पर ग्राम जमाही मुख्य सड़क किनारे विशालकाय बजरंग बली मुर्ति ध्रुव परिवार द्वारा स्थापित की गई है। जहां प्रतिवर्ष हनुमान जयंती मनाई जाती है इस बार भी मंदिर परिसर में भक्ति-उल्लास से सराबोर रहा। जमाही में लोग परिवार-समेत सैकड़ों श्रद्धालुओं ने पुरोहित विष्णु तिवारी की वैदिक मंत्रों की हवन पूजन एवं सामूहिक आरती-में भाग लिया,बच्चों से लेकर वृद्धजन तक पंक्तिबद्ध होकर बजरंग बली को पुजाकर दर्शन-लाभ ले रहे थे। समारोह के बाद खीर-पूड़ी का भोग-प्रसाद श्रद्धालुओं में वितरित किया गया, जिसकी व्यवस्था प्रधान आरक्षक मोहन ध्रुव,अनुज ध्रुव, अशोक ध्रुव, रामकृष्ण ध्रुव, टी आई यशोदा ध्रुव ,तेजसिंह ध्रुव, सहायक ग्रेड-1 वाणिज्य विभाग चेतना ध्रुव, आरक्षक नरेंद्रसिंह ध्रुव, जनसंपर्क विभाग लोकेश ध्रुव, मोनिका, योगेश, झनक, दीपेश, समृद्धि ध्रुव परिवार जमाही के द्वारा किया गया एवं स्थानीय समिति ने आयोजन को सफल बनाने में सहयोग किया। आयोजकों ने क्षेत्र की खुशहाली की मंगलकामना करते बताया ग्रामवासियों की सहभागिता उल्लेखनीय रही ।

**पहल : बारूद की गंध से मुक्त हुआ गरियाबंद, अब जलप्रपातों की कलकल से गूंजेगी वादियां**

# नक्सल छवि से निकलकर इको-टूरिज्म के वैश्विक मानचित्र पर चमकने को जिला तैयार







**खास खबर**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

कभी नक्सल प्रभावित छवि के लिए पहचाना जाने वाला गरियाबंद जिला अब तेजी से पर्यटन केंद्र के रूप में उभरने की दिशा में बढ़ रहा है। प्राकृतिक सुंदरता, घने जंगल, जलप्रपात और समृद्ध जैव विविधता इस क्षेत्र को नई पहचान दिलाने के लिए तैयार हैं। विशेषज्ञों का मानना है कि यदि शासन-प्रशासन इस दिशा में ठोस कार्ययोजना बनाए, तो यह जिला प्रदेश ही नहीं, देश के प्रमुख इको-टूरिज्म डेस्टिनेशन में शामिल हो सकता है। जिले के प्रमुख पर्यटन स्थलों में सीकासार बांध, तौरेंगा बांध और प्रसिद्ध जलप्रपात जतमई, घटारानी तथा बारूका स्थित चिंगरा पगार शामिल हैं। खासतौर पर चिंगरा पगार जलप्रपात को उसकी भव्यता के कारण छत्तीसगढ़ का नियाग्रा कहा जाता है। यहां की प्राकृतिक खूबसूरती हर साल बड़ी संख्या में पर्यटकों को आकर्षित करती है, लेकिन जिले के कई अन्य क्षेत्र अब भी पर्यटन के लिहाज से पूरी तरह विकसित नहीं हो पाए हैं।

**चुनौतियां और संभावनाएं-** पहाड़ियों से घिरे और साल, सरई व बीजा के घने जंगलों से आच्छादित इस क्षेत्र में पक्षियों की विभिन्न प्रजातियों की चहचहाहट भी पर्यावरण को जीवंत बनाती है। यहां बसे दूरदराज के आदिवासी गांव, जो कभी नक्सली गतिविधियों के लिए कुख्यात रहे हैं, अब पर्यटन के माध्यम से विकास और आजीविका की नई उम्मीदें देख रहे हैं। राज्य सरकार की मंशा भी अब इस क्षेत्र को विकसित करने की है। मुख्यमंत्री द्वारा नक्सल उन्मूलन के बाद पर्यटन, लघु वनोपज प्रसंस्करण और पशुपालन के जरिए विकास को गति देने की बात कही गई है। इसी क्रम में जिला प्रशासन ने तौरेंगा बांध में बोटिंग जैसी जल क्रीड़ा गतिविधियां शुरू करने की योजना बनाई है, जिस पर काम भी प्रारंभ हो चुका है।

**आमामोरा और ओढ़ की पहाड़ियां-** विशेषज्ञों का मानना है कि पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए बेहतर सड़क, ठहरने की सुविधा, सुरक्षा व्यवस्था, प्रभावी प्रचार-प्रसार और स्थानीय समुदाय की भागीदारी बेहद जरूरी होगी। गरियाबंद, जो कभी नक्सल समस्या के कारण पिछड़ेपन की पहचान बन गया था, अब अपने प्राकृतिक संसाधनों के दम पर विकास की नई उड़ान भरने को तैयार है। यदि सुनियोजित प्रयास किए गए, तो आने वाले समय में यह जिला छत्तीसगढ़ के पर्यटन मानचित्र पर एक नई और मजबूत पहचान स्थापित कर सकता है। उदंती सीतानदी टाइगर रिजर्व क्षेत्र में राजकीय पशु वनभैंसा संरक्षण संवर्धन केन्द्र के अलावा देवदाहरा जलप्रपात, गोढ़ेना जलप्रपात, चौकसील धार्मिक पर्वत स्थल, बोतल धारा जलप्रपात, शेषपगार, आमामोरा ओढ़ की पहाड़यियों में कई वॉटरफॉल हैं। इसके अलावा सीतानदी में सोंढुर जलाशय और दर्जनों जलप्रपात के साथ वर्षों पुराने विश्राम गृह भी स्थापित हैं।

**उदंती-सीतानदीः वन्यजीवों का सुरक्षित ठिकाना**

इस विकास की दिशा में सबसे अहम भूमिका उदंती-सीतानदी टाइगर रिजर्व निभा सकता है। यह बाघों के लिए संरक्षित आवास क्षेत्र है, जिसकी स्थापना वर्ष 2008-09 में हुई थी और यह करीब 1842.54 वर्ग किलोमीटर वन क्षेत्र में फैला हुआ है। यहां विलुप्तप्राय वन भैंसा की मौजूदगी इसे और भी खास बनाती है। इसके अलावा टाइगर, तेंदुआ, हिरण, सांभर, भालू और अब हाथियों की मौजूदगी भी इस क्षेत्र में दर्ज की गई है। समय-समय पर ट्रैप कैमरों में बाघों की तस्वीरें कैद होना इसकी समृद्ध वन्यजीव उपस्थिति का प्रमाण है।

# प्रत्येक बूथ पर कांग्रेस के 12 सदस्यों की टीम बनेगी : डॉ. राजेंद्र साहू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फिंगेश्वर

3 अप्रैल को फिंगेश्वर रेस्ट हाउस में संगठन सीजन अभियान के तहत विधानसभा चुनाव और मिशन 2028 की तैयारी के मद्दे नजर बुथ स्तर पर संगठन को मजबूत करने के लिए महत्वपूर्ण चर्चा हुई। इस दौरान भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के रीति-नीति से प्रभावित होकर वरिष्ठ नेता जीवराखन निषाद लालपुर पुनः कांग्रेस घर वापसी किया। वहीं पर दर्रीपार से भाजपा कार्यकर्ता भीषम साहू, अमृत साहू, तोरण साहू को नगर पंचायत अध्यक्ष राजेंद्र सूर्यवंशी ने कांग्रेस का गमछा पहनकर पार्टी प्रवेश कराया। बैठक में बूथ कमेटी गठन के लिए फिंगेश्वर मंडल कांग्रेस प्रभारी डॉ. राजेंद्र साहू ने कहा की प्रदेश कांग्रेस एवं पूर्व पंचायत मंत्री अमितेश शुक्ल निर्देशानुसार एवं जिला कांग्रेस अध्यक्ष सुखचंद बेसरा, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष रूपेश साहू के आदेशानुसार प्रत्येक बूथ पर 12 सदस्यों की टीम बनाने का लक्ष्य है। इसमें समाज के हर वर्ग विशेषकर युवाओं, महिलाओं और बुजुर्गों को शामिल करने पर जोर दिया जा रहा है। नगर पंचायत अध्यक्ष राजेंद्र सूर्यवंशी ने कहा कि इस बैठक का प्राथमिक लक्ष्य बूथ जीतो चुनाव जीतो की रणनीति पर अमल करना है। नगर के विभिन्न वार्डों में जाकर बूथ प्रभारी के साथ समन्वय स्थापित करने और संगठन सृजन कार्यक्रमों के माध्यम से जमीनी स्तर पर कार्य करने पर जोर दिया गया। बैठक के दौरान कार्यकर्ताओं को बूथ स्तर पर सक्रिय होने और कमेटी गठन की प्रक्रिया को समय सीमा के भीतर पूरा करने की जिम्मेदारी सौंपी गई। जिला कांग्रेस महामंत्री कमलेश यदु ने कहा की कार्यकर्ताओं की मेहनत ही रंग लाती है यदि कार्यकर्ता ईमानदारी से बूथ गठन का काम पूरा करेगा तो चुनाव जीतने से कोई नहीं रोक सकता। श्री यदू ने स्पष्ट किया कि चुनाव में सफलता की कुंजी मजबूत बूथ मैनेजमेंट में ही छिपी है।नगर के सभी वार्डों के लिए अलग–अलग प्रभारी की नियुक्ति की प्रक्रिया पर चर्चा हुई जो सीधे मंडल अध्यक्ष को रिपोर्ट करेंगे। कार्यक्रम का संचालन एवं आभार व्यक्त तेजेश यदु ने किया। उपस्थित सभी कार्यकर्ताओं ने आगामी समय में संगठन को और अधिक मजबूत करने तथा जनहित के मुद्दे को लेकर सक्रिय रहने का संकल्प लिया। इस अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष राजेंद्र सूर्यवंशी, फिंगेश्वर मंडल प्रभारी डॉ. राजेंद्र साहू, जिला महामंत्री कमल यदू, ओमप्रकाश बंछोर, हरिशंकर श्रीवास्तव, मंडल अध्यक्ष तेजेश यदु, जितेंद्र सिंह ठाकुर, अनिल चंद्राकर जिला मीडिया प्रभारी टिकेश साहू कांग्रेसी कार्यकर्ता उपस्थित थे।



# भाजपा स्थापना दिवस पर कार्ययोजना की बैठक







हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय गरियाबंद में स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में जिला स्तरीय कार्ययोजना बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में संगठन को बूथ स्तर से लेकर जिला स्तर तक और अधिक सशक्त एवं सक्रिय बनाने के उद्देश्य से विस्तृत रणनीति तैयार की गई। इस दौरान जिले के पदाधिकारी, मंडल अध्यक्ष, मोर्चा प्रभारियों सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे। बैठक में संगठन विस्तार, जनसंपर्क और आगामी कार्यक्रमों को लेकर गहन चर्चा की गई। जिला स्तरीय सक्रिय कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित किया जाएगा, जिसमें कार्यकर्ताओं को संगठन की नीतियों, योजनाओं एवं आगामी गतिविधियों की जानकारी दी जाएगी तथा उन्हें सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया जाएगा। इसके साथ ही प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र के चयनित 50 बड़े ग्रामों में "गांव चलो, बस्ती चलो अभियान" के तहत कार्यक्रम किया जाएगा। इस अभियान के तहत कार्यकर्ता गांव-गांव एवं बस्तियों में जाकर आमजन से सीधा संवाद स्थापित करेंगे, केंद्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देंगे तथा संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत करने का कार्य करेंगे। बैठक में यह भी तय किया गया कि जिले के सभी बूथों में भारतीय जनता पार्टी का स्थापना दिवस पूरे उत्साह एवं गरिमामय तरीके से मनाया जाएगा।

**घर घर लगेगा झंडा**

**पार्टी ने हमेशा राष्ट्र प्रथम की भावना से कार्य किया-** विधायक रोहित साहू ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी का स्थापना दिवस केवल एक उत्सव नहीं, बल्कि संगठन के मूल्यों, विचारधारा और समर्पण को याद करने का अवसर है। उन्होंने कहा कि पार्टी ने हमेशा राष्ट्र प्रथम की भावना के साथ कार्य किया है और कार्यकर्ताओं के बल पर ही आज यह विश्व की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी बनी है। पूर्व विधायक डमरूधर पुजारी ने अपने संबोधन में पार्टी के संघर्षपूर्ण इतिहास को याद करते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी आज जिस ऊंचाई पर पहुंची है, उसके पीछे कार्यकर्ताओं का त्याग, तपस्या और समर्पण है। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से जिला पंचायत अध्यक्ष गौरी शंकर कश्यप, राजेश साहू, अजय रोहरा, ईश्वर साहू, प्रितम सिन्हा, गुरुनारायण तिवारी, बल्देव सिंह हुंदल, मुरलीधर सिन्हा, पारस ठाकुर डॉ. मनीष सिन्हा, पदूलोचन जगत, हलमन्त ध्रुवा, परमेश्वर सेन अरविंद तिवारी, घनश्याम सिन्हा उपस्थित रहे।



### पटेलपारा में सामुहिक हनुमान चालीसा का पाठ

**राजिम।** शहर के पटेल पारा में युवाओं द्वारा प्राचीन हनुमान जी के मंदिर में हनुमान चालीसा का सामुहिक पाठ किया गया। श्री हनुमान जी का पूरे विधि विधान के साथ पंडित जयशंकर मिश्रा के मंत्रोच्चारण के बीच पूजा आरती की गई। तत्पश्चात खीर पुड़ी प्रसाद का वितरण किया गया। इस अवसर पर पार्षद प्रतिनिधि सोमनाथ पटेल, पूर्व पार्षद भूखन पटेल, बजरंग दल प्रमुख पुरुषोत्तम द्रुबे, रमन चक्रधारी, संजू सेन, विजय चक्रधारी, पिंटू पटेल, रंजीत पटेल, हेमराज पटेल, लोकेश चक्रधारी, पन्ना पटेल, रवि निर्मलकर, मनोज पटेल सहित बड़ी संख्या में वार्डवासी शामिल थे।

## बकली सेक्टर के तीन पंचायत में कांग्रेस पदाधिकारियों की नियुक्ति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम



कांग्रेस के संगठन सृजन कार्यक्रम के तहत बकली सेक्टर के तीन पंचायत बकली, रांवड़ एवं पितईबंद में पंचायत अध्यक्ष सहित 12 पदाधिकारी एवं कार्यकारिणी सदस्यों का गठन किया गया। प्रत्येक पंचायत में बूथ अध्यक्ष एवं उनके 12 कार्यकारिणी सदस्यों की नियुक्ति कर संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने की दिशा में पहल की गई। कार्यक्रम में मंडल प्रभारी के रूप में योगेश्वरी साहू एवं संतुराम मौजूद थे। युवा नेता मुकेश भारती ने बताया कि तीनों पंचायतों में पुराने अनुभवी कार्यकर्ताओं के साथ-साथ नई युवा शक्ति का जुड़ाव देखने को मिला, जिससे संगठन और अधिक सशक्त एवं प्रभावी होता नजर आ रहा है। बैठक में पितईबंद सरपंच प्रतिनिधि सहदेव बंजारे ,नारद साहू, तुलसी यदु, कुंज निषाद, दिनेश साहू, डेरहू साहू, हुलास साहू, लोकेश साहू, थनेश साहू, कमल बंजारे, कीर्तन आदिल, मुकेश साहू, पुनीत यादव, संतोष यादव, संतराम मिरी, घसिया लहरे, गुलाल साहू, लल्लू मिरी, व्यास निषाद, परसराम बया, जगदीश हिरवानी मौजूद थे।

**शस्त्र संचालन और सजीव झांकियों ने मोहा मन**

# अखाड़ों की शोभायात्रा में वीरांगनाओं ने दिखाए हैरतअंगेज करतब

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम

महावीर बजरंग अखाड़ा में गुरुवार को हनुमान जन्मोत्सव श्रद्धा, आस्था और उत्साह के साथ धूमधाम से मनाया गया। पूरे दिन नगर का वातावरण भक्तिमय बना रहा। सुबह से ही विभिन्न मंदिरों में भगवान हनुमानजी का अभिषेक, पूजन, सुंदरकांड पाठ और महाआरती का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। भक्तों ने भजन-कीर्तन के माध्यम से अपनी आस्था प्रकट की और मंदिरों में जय श्रीराम व जय बजरंगबली के जयकारों से वातावरण गूंज उठा। शाम होते ही उत्सव अपने चरम पर पहुंच गया, जब श्री महावीर बजरंग अखाडा एवं श्री नरसिंहनाथ अखाड़ा द्वारा नगर में भव्य शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा की शुरूआत हनुमान जी की विधिवत पूजन और मंत्रोच्चार के साथ हुई। इसके बाद भगवान श्रीराम और हनुमानजी की सजीव एवं आकर्षक झांकियों को नगर भ्रमण के लिए निकाला गया। झांकियों को देखने के लिए सड़कों के दोनों ओर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। डीजे और धुमाल की गूंजती धुनों पर श्रद्धालु पूरे उत्साह के साथ झूमते नजर आए। जय श्रीराम और बजरंगबली के उद्‌घोष से पूरा नगर गूंजायमान हो उठा। शोभायात्रा के दौरान अखाड़ा के युवाओं एवं युवतियों ने पारंपरिक शस्त्र संचालन, लाठी, तलवारबाजी और अन्य हैरतअंगेज करतबों का प्रदर्शन किया, जिसने लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

**पुष्प वर्षा और प्रसादी से हुआ स्वागत-** यह प्रदर्शन आकर्षण का प्रमुख केंद्र रहा और दर्शकों ने तालियों की गड़गड़ाहट से उनका उत्साहवर्धन किया। इस वर्ष शोभायात्रा की सबसे खास बात महिलाओं और युवतियों की सक्रिय एवं सशक्त भागीदारी रही। दुर्गा वाहिनी ने भगवा पगड़ी धारण कर और हाथों में तलवार लिए वीरांगनाओं के रूप में महिलाओं ने शौर्य और आत्मविश्वास का अद्भुत प्रदर्शन किया। उनकी इस भागीदारी ने आयोजन को एक नई दिशा और ऊर्जा प्रदान की, जिसे लोगों ने खूब सराहा। लगभग एक किलोमीटर लंबी यह शोभायात्रा नगर के प्रमुख मार्गों-पंजवानी चौक, लाल चौक, गंज रोड और सदर बाजार से होते हुए नेहरू गार्डन तक पहुंची। पूरे मार्ग में जगह-जगह सामाजिक संगठनों, व्यापारियों और नागरिकों द्वारा पुष्प वर्षा कर शोभायात्रा का भव्य स्वागत किया गया।



**इनका रहा सराहनीय योगदान**

इस प्रकार हनुमान जन्मोत्सव नगर में भक्ति, उल्लास और सामाजिक एकता का अनुपम उदाहरण बनकर सामने आया। इस भव्य शोभायात्रा को सफल बनाने में श्री महावीर बजरंग अखाड़ा सेवा समिति का सराहनीय योगदान रहा। जिनमें लाला पटेल, मोहित कंसारी, संतोष कंसारी, पवन वाडिया, भोलू यादव, मोनू कंसारी, कान्हा साहनी, सत्तू गिलहरे, अश्वनी साहू, लोकेश साहू, राजा दास, चंदन निषाद, सूरज यादव, गोपाल साहू, बाबूलाल यादव, मंडलोर, विजय यादव, कुणाल सेन, चंदू सोनकर, धनेंद्र साहू, रवि कंसारी, शिवम कंसारी, निलेश साहनी, सतीश साहनी, दुर्गेश कंसारी, समीर कंसारी, गोलू कंसारी, राजकुमार निषाद, हर्षित कंसारी, चमेली, जगत, तारिणी निषाद, रिचा साहू शामिल थे।

पेज 9 के शेष...

### अप्रैल की शुरुआत में...

भी असर डाला है। जहां पहले बाजार देर शाम तक गुलजार रहते थे, वहीं अब लोग जल्दी अपने घरों की ओर लौटने लगे हैं। आने वाले दिनों में तापमान और बढ़ने की संभावना को देखते हुए प्रशासन और नागरिकों को सतर्क रहने की जरूरत है।

**बाजारों में सन्नाटा, घरों में कैद हुए लोग-** अप्रैल के शुरूआती दिनों में ही पड़ रही भीषण गर्मी ने जनजीवन को प्रभावित करना शुरू कर दिया है और यदि यही स्थिति बनी रही तो आने वाले दिनों में हालात और भी चुनौतीपूर्ण हो सकते हैं। आज की स्थिति में सुबह 10 बजे से ही तपन का अहसास होने लगता है। घड़ी के कांटे ज्यों-ज्यों ऊपर की ओर बढ़ने लगता है त्यों-त्यों लोग बेहाल होने लगते हैं। दोपहर होते तक पूरा रोड एकदम सूना हो जाता है। सड़कों पर भी बहुत कम वाहन दिखता है। लोग अपने घरों में ही रहकर कुलर-पंखे की हवा लेना बेहतर समझते हैं। बहुत ही जरूरी काम हो तो ही लोग दोहर को घर से निकलने के लिए मजबूर रहते हैं।

### प्रेम प्रसंग में युवक...

कार्यपालिक मजिस्ट्रेट की मौजूदगी में शव का उत्खनन कराया और जांच प्रारंभ की। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में चौंकाने वाला खुलासा हुआ। मृतक के गले पर गंभीर चोट पहुंचाई गई थी और उसे अधमरी अवस्था में ही गड्ढे में दफन कर दिया गया, जिससे सांस नली में मिट्टी भरने के कारण उसकी मौत हो गई। चिकित्सकीय रिपोर्ट में इसे स्पष्ट रूप से हत्या बताया गया।

जांच के दौरान पुलिस ने आसपास के थानों में दर्ज गुमशुदगी के मामलों का मिलान किया, जिसमें थाना माना में दर्ज गुमशुदगी से मृतक की पहचान नितेश बत्रा (29 वर्ष), निवासी माना रायपुर के रूप में हुई। परिजनों ने कपड़ों और पहचान चिन्हों के आधार पर शव की पुष्टि की। पूछताछ और जांच में सामने आया कि आरोपी श्याम सुंदर सोनी और सावित्री साहू के बीच प्रेम संबंध था। मृतक द्वारा महिला को कथित रूप से परेशान करने को लेकर विवाद हुआ, जो हिंसक रूप ले बैठा। घटना की रात आरोपियों ने पहले नितेश के साथ जमकर मारपीट की, फिर उसे ऑटो में बैठाकर कई स्थानों पर ले जाकर लगातार पीटा। बेहोशी की हालत में पहुंचने के बाद उसे मुरूम खदान में ले जाकर जिंदा दफन कर दिया गया, ताकि साक्ष्य छिपाए जा सकें। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए श्याम सुंदर सोनी उम्र 21 वर्ष वर्तमान निवासी बोरियाकला रायपुर, सुमित कोसले उम्र 21 वर्ष निवासी भरेंगाभाठा, सावित्री साहू उम्र 21 वर्ष निवासी जमगला जिला सरगुजा वर्तमान निवासी ग्राम टेमरी,माना और दो विधि के साथ संघर्षरत बालकों को गिरफ्तार कर लिया है। वहीं माईकल सैनी नामक आरोपी फरार है, जिसकी तलाश जारी है। आरोपियों के कब्जे से घटना में प्रयुक्त ऑटो वाहन, लकड़ी और अन्य सामग्री भी बरामद की गई है। अभनपुर पुलिस और एण्टी क्राइम एंड साइबर यूनिट की संयुक्त टीम की सतर्कता और तकनीकी जांच के चलते इस अंधेकत्ल का खुलासा संभव हो सका।

### 12.50 लाख का...

सका। गवाहों की मौजूदगी में जब उसके सामान की तलाशी ली गई, तो दो अलग-अलग पैकेटों में गांजा बरामद हुआ। सफेद थैले में 15 किलो गांजा (कीमत 7.50 लाख रुपए) और नीले पैकेट में 10 किलो गांजा (कीमत 5 लाख रुपए) मिला। इस तरह कुल 25 किलो गांजा जब्त किया गया। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम काला कान्हू उर्फ कान्हा टांडी (24 वर्ष) निवासी साल्हेकेला, थाना बोडेन, जिला नुवापाड़ा (उड़ीसा) बताया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धारा 20(ख) के तहत मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है।

पुलिस अधीक्षक वेदव्रत सिरमौर के निर्देशन में जिले में ऑपरेशन निश्चय के तहत लगातार अवैध शराब और मादक पदार्थों के खिलाफ कार्रवाई जारी है। पुलिस ने स्पष्ट किया है कि नशे के अवैध कारोबार में संलिप्त लोगों पर कड़ी नजर रखी जा रही है और ऐसे मामलों में सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### दो साल से वेतन ...

रेखराम ठाकुर ने बताया कि हम लोगों को भी 15 महिनों से वेतन नहीं मिल पाया है। सबसे चिंताजनक बात यह है कि जिन रसोइया के भरोसे सैकड़ों बच्चों का भोजन तैयार होता है। उनकी समस्याओं की ओर कोई ध्यान नहीं दे रहा है। संबंधित विभाग और जिम्मेदार अधिकारी इस गंभीर मुद्दे पर मौन साधे हुए हैं। ऐसे परिस्थितियों से चार दीवारी से बाहर निकलकर सड़क पर धरना प्रदर्शन करने के लिए विवस होना पड़ता है। अब जरूरत है लेकिन प्रशासन इस गंभीर समस्या को प्राथमिकता से लेते हुए त्वरित कार्रवाई करें, ताकि सही समय पर वेतन मिले और उनका परिवार व बच्चों भविष्य सुरक्षित रहें सकें।

**खबर संक्षेप**

## सिलेंडर होने के बावजूद बुकिंग के लिए करना पड़ रहा लंबा इंतजार

**कोपरा।** गैस सिलेंडर बुकिंग अभी भी टेढ़ी खीर साबित हो रही है। जिनके सिलेंडर खत्म हो गए हैं और वह बुकिंग के लिए मिस्ड कॉल दे रहे हैं तो 25 और 45 दिन का अंतर शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में देखने को मिल रही है जिसके चलते लोगों को चूल्हे वाली ईंधन पर निर्भर होना पड़ रहा है, तब तो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की उज्ज्वला योजना फर्श पर दिखाई दे रही है। उक्त बातें विधानसभा मुख्यालय में गरियाबंद के जिला पंचायत सदस्य इंद्रजीत महाड़िक ने कही। उन्होंने आगे आम जनता की समस्याओं पर फोकस करते हुए कहा कि गोदाम में एलपीजी गैस सिलेंडर भरे हुए हैं लेकिन 45 दिन और 25 दिनों के चक्कर में उपभोक्ताओं को टंकी उपलब्ध नहीं हो पा रही हैं। आज की महिलाएं गैस सिलेंडर पर खाना बनाकर परोसने की आदी हो चुकी है ऐसे में सिलेंडर का नहीं मिलना और फिर से चूल्हा फूंकना उन्हें दिक्कत में डाल रही है। उन्होंने कहा कि बड़े परिवार के लोगों को बड़ी मुश्किलों से गुजरना पड़ रहा है क्योंकि उनके यहां सिलेंडर बहुत जल्दी खत्म हो रहे हैं ऐसे में खाना बनाने की सिस्टम कमजोर होती जा रही है और अब लोग भरपेट नहीं बल्कि आधे पेट ही भोजन प्राप्त कर रहे हैं। घरों में मेहमान पहुंचने पर चाय बनाने के लिए भी महिलाएं 10 बार सोच रही है। खाना के लिए तो रात्रि काल तक इंतजार करना पड़ रहा है। उल्लेखनीय है कि एलपीजी गैस सिलेंडर की बुकिंग में शहर और ग्रामीण क्षेत्र के लिए अलग-अलग समय सीमा रिफिल अवधि निश्चित है। शहरी क्षेत्र में अगला सिलेंडर 25 दिनों में बुक हो सकता है जबकि ग्रामीण क्षेत्रों में यह अवधि 45 दिन है। यह अंतर खपत के पैटर्न और डिसटीब्यूशन सिस्टम के अनुसार रखने की जानकारी मिली है।

## लाफिनखुर्द में गायत्री महायज्ञ एवं प्रज्ञा पुराण कथा आज से

**महासमुंद।** ग्राम लाफिनखुर्द में 5 कुंडीय गायत्री महायज्ञ एवं प्रज्ञा पुराण कथा का आयोजन किया गया है। महायज्ञ में विभिन्न संस्कार जैसे पुंसवन, मुंडन, विद्यारम्भ, अन्नप्राशन, नामकरण, जन्मदिन, विवाह दिवस, दीक्षा, संस्कार निः शुल्क होंगे। 4 अप्रैल को कलश यात्रा, शाम 4 से 6 बजे तक प्रज्ञा पुराण कथा व शाम 7 से 8 बजे तक दीप यज्ञ होंगे। वहीं 5 अप्रैल को प्रातः 8 से 12 बजे तक यज्ञ हवन एवं विभिन्न संस्कार, दोपहर 1 से 3 बजे तक भोजन भंडारा प्रसाद वितरण, शाम 4 से 6 बजे तक बारात गांव भ्रमण होगा।

## पैरी उद्गम और हरदीभाठा से गूंजे जयकारे, महाभंडारे में उमड़े श्रद्धालु...





**मैनपुर।** तहसील मुख्यालय मैनपुर नगर सहित पूरे विकासखण्ड क्षेत्र में हनुमान जन्मोत्सव धुमधाम के साथ मनाया गया। क्षेत्र के प्रमुख धार्मिक स्थल पैरी उद्गम शिवमंदिर से विशाल शोभायात्रा निकाली गई। हनुमान जी की विराट प्रतिमा के साथ भगवा ध्वज लहराते हुए शोभायात्रा में हजारों लोग शामिल हुए। वहीं हरदीभाठा रामजानकी मंदिर से भी श्रीराम सेना द्वारा शोभायात्रा निकाली गई। मैनपुर नगर में विशाल शोभायात्रा के साथ महाआरती का आयोजन किया गया जिसमें क्षेत्रभर से लोग पहुंचे हुए थे। प्रसाद महाभंडारा वितरण किया गया। कार्यक्रम मे प्रमुख रूप से श्रीराम सेना हिन्दू संगठन के अध्यक्ष मुकेश सिन्हा, उपाध्यक्ष प्रवीण शिन्दे, आर्यन पटेल, कोशाध्यक्ष दिनेश सचदेव, सचिव देवराम साहू, संरक्षक मोहित द्विवेदी, रूपेश साहू, नंदकिशोर चौबे, योगेश शर्मा, गेंदु यादव, केशव बंछोर, लखन साहू, नरेश सिन्हा, पारस सिन्हा, हर्ष दास, रोमेश बन्छोर, चुम्मन प्रसाद पाण्डेय, गजेन्द्र यादव, सालिक राम पटेल, रामसाय निर्मलकर, भरतदास मानिकपुरी, डोमार पटेल, सवितानंद साहू, पारे"वर पटेल, अशोक ठाकुर, खेलन साहू, शेखर पटेल शामिल है।

### शिविर : आजादी के बाद पहली बार दुर्गम पहाड़ियों पर लगा जनसमस्या निवारण शिविर

# खौफ का अंत, विकास का आरंभ, नक्सलियों के पूर्व गढ़ आमामोरा-ओड़ पहुंचे कलेक्टर-एसपी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

तहसील मुख्यालय मैनपुर से लगभग 38 किमी दूर दुर्गम पहाड़ियों के ऊपर बसा आमामोरा ओड़ वहीं इलाका है। जहां कुछ वर्ष पहले एडिशनल एसपी राजेश पवार सहित 11 जवान नक्सली मुठभेड़ में शहीद हो गए थे और घोर नक्सल प्रभावित क्षेत्र होने के कारण यहां विधानसभा तथा लोकसभा चुनाव के दौरान हेलीकाप्टर के माध्यम से चुनाव दल को मतदान के लिए पहुंचाना पड़ता था। इस क्षेत्र के लोग पेयजल, सड़क, स्वास्थ्य जैसे मूलभूत बुनियादी सुविधाओ के लिए आजादी के बाद से तरस रहे हैं और तो और यह पहाड़ी इलाके के चप्पे- चप्पे में बारूद की ढेर के साथ कभी भी बम विस्फोट व गोलियों की आवाज से लोग थर्रा उठते थे लेकिन छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित क्षेत्रे मे सुरक्षा बलों की कड़ी कार्यवाही और नक्सल मुक्त भारत अभियान के तहत अब छत्तीसगढ़ नक्सल मुक्त होने के बाद लगातार जिला प्रशासन के अफसर ऐसे दुर्गम स्थानो मे पहुंचकर लोगो को मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने लगातार दौरे कर रहे है। गुरूवार को नक्सलियों के गढ़ कहे जाने वाले साहेबिनकछार क्षेत्र में जिला प्रशासन पहुंचा था और शुक्रवार दूसरे ही दिन इस दुर्गम पहाड़ी के ऊपर ओड़ आमामोरा में जिला प्रशासन द्वारा जिला स्तरीय जन समस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर मे बिन्द्रानवागढ़ विधानसभा क्षेत्र के विधायक जनक ध्रुव विशेष रूप से पहुंचे हुए थे। गरियाबंद कलेक्टर भगवान सिंह उइके, पुलिस अधीक्षक वेदव्रत सिरमौर, जिला पंचायत सीईओ प्रखर चंद्राकर, डीएफओ वरूण जैन, जिला पंचायत सदस्य संजय नेताम एवं क्षेत्र के जनपद सदस्य सरपंच व जिला के विभिन्न विभागों के अधिकारी पहुंचकर ग्रामीणों की समस्याओ को सुना और कई समस्याओ का मौके पर समाधान करने का आश्वासन दिया है। निश्चित रूप से विधायक एवं जिला प्रशासन के अफसर इन दुर्गम ग्रामो मे अब पहुंच रहे है आने वाले कुछ दिनों में यहां विकास के नए अवसर देखने को मिलेगा यह बदलाव का माहौल है और लोगों में उत्साह भी है।

**पिछड़ी जनजातियों के विकास पर जोर-** जिला पंचायत सदस्य संजय नेताम ने कहा कि जिला प्रशासन द्वारा लगातार आज दूसरे दिन अति पिछड़े और संवेदनशील गांव में यहॉ कि आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए पहुंचे है। इस क्षेत्र में अति पिछड़ी जनजाति कमार एवं भूंजिया के अधिकांश लोग निवासरत है। पूर्व में यहॉ के निवासी विकास से कोसों दूर थे। अब उनका बेहतरीन तरीके से विकास किया जाएगा। उन्होंने ग्रामीणों से कहा कि आप लोग बे–झिझक होकर अपनी मांग एवं समस्याओं से संबंधित आवेदन प्रस्तुत करें।

**पर्यटन से बदलेगी आमामोरा की सूरत-** पुलिस अधीक्षक वेदव्रत सिरमौर ने कहा कि ग्रामीणों क्षेत्र के नागरिकों अब रोजगार की दिशा में काम करने की आवश्यकता है। यहॉ पर्यटन के दृष्टि से असीम संभावनाएं है। यहां के लोग पर्यटकों को ट्रेकिंग कराकर टेंट हाउस, मड हाउस बनाकर वहॉ ठहरायें और शुध्द ग्रामीण भोजन कराएं जिससे पर्यटक आकर्षित होंगे। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे नशे से दूर रहे। उन्होंने बताया कि आमामोरा में पुलिस केंद्र भी खोला जाएगा। इस अवसर पर जिला पंचायत के सीईओ प्रखर चंद्राकर सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि, ग्रामीणजन एवं अधिकारी–कर्मचारी उपस्थित थे। शिविर में समाज कल्याण विभाग द्वारा 05 हितग्राहियों को छड़ी वितरण किया गया। इसी प्रकार महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा दो महिलाओं की गोदभरायी एवं दो बच्चों का अन्न प्रासन्न किया गया।






### स्वास्थ्य और राजस्व अमला अब गांव में देगा दस्तक

गरियाबंद कलेक्टर श्री बीएस उइके ने कहा कि देश नक्सल मुक्त होने के उपरांत यहॉ जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर लगाया है। ताकि आप लोगों की समस्याओं को जानकर उसका निराकरण किया जा सके। उन्होंने ग्रामीणों की मांग एवं शिकायत पर बताया कि जर्जर आंगनबाड़ी भवन का मरम्मत शीघ्र कराया जाएगा। क्रेडा विभाग द्वारा विद्युत केपेसिटी को बढ़ाया जाएगा। इसके अलावा उन्होंने बताया कि आमामोरा और ओढ़ क्षेत्र में बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मिलें उसके लिए स्वास्थ्य विभाग के अमले द्वारा सप्ताह में दो दिन आएंगे। साथ ही ग्रामीणों के राजस्व, कृषि संबंधित कार्य के लिए प्रति सप्ताह पटवारी, सचिव एवं ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी तीन दिन आएंगे। उन्होंने कहा कि ग्रामीणों के 40 वन अधिकार पट्टे संधारित नहीं हो पाया है। उसे शीघ्र ही संधारित कर ग्रामीणों को उपलब्ध कराया जाएगा। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत सड़क निर्माण एवं पेयजल व्यवस्था के कार्यों पर भी गति लाई जायेगी। ताकि ग्रामीणों को सुविधाएं मिल सके।

### क्षेत्र के विकास के लिए दृढ़ इच्छाशक्ति की जरूरतः जनक ध्रुव

गरियाबंद जिले के ओड़िशा सीमा अंतिम छोर स्थित घने जंगलों एवं दुर्गम क्षेत्र में बसे ग्राम आमामोरा के शासकीय आदिवासी छात्रवास परिसर में वर्षों उपरांत जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में ग्रामीणों से कुल 14 आवेदन प्राप्त हुए, जिसमें से सभी आवेदनों का त्वरित निराकरण किया गया। विधायक जनक ध्रुव ने कहा कि इस क्षेत्र को जनप्रतिनिधि, शासन-प्रशासन एवं ग्रामीणों के संयुक्त प्रयास से विकसित करेंगे। उन्होंने कहा कि आमामोरा क्षेत्र के आसपास के ग्रामीण काफी अभाव की जिंदगी जीने पर विवश थे। जिसे आने वाले समय में सभी मूलभूत सुविधाएं और अधिक मिलेगी। उन्होंने गांवों में विद्युत की समस्या को देखते हुए कहा कि क्रेडा विभाग द्वारा लगाएं गए सौर ऊर्जा की केपेसिटी में बढ़ोत्तरी करें ताकि ग्रामीणों को और अधिक विद्युत मिल सके उन्होंने कहा कि यहां के लोगों को खाद्यान्न की कमी न हो इसका विशेष ध्यान रखें। शिक्षक नियमित रूप से स्कूल आकर बच्चों को अध्यापन कार्य कराएं। श्री ध्रुव ने कहा कि इस क्षेत्र में पर्यटन की असीम संभावनाएं है इसे और अधिक सहज बनाएं ताकि पर्यटन यहां आकर रूक सके जनसमस्या निवारण शिविर के यहॉ आयोजन होने से लोगों की उम्मीदें और अधिक बढ़ी है।

## यज्ञ मे 59 भाई-बहनों का हुआ संस्कार

# गर्भ से ही मिलते हैं वीरता के संस्कार : परमानंद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फिंगेश्वर

अखिल विश्व गायत्री परिवार के तत्वाधान ए गायत्री नव चेतना केंद्र फिंगेश्वर के मार्गदर्शन में ग्राम सिर्रीकला में तीन दिवसीय गायत्री महायज्ञ के आयोजन में अंतिम दिवस पर सैकड़ों लोग आहुति दी वहीं पर गायत्री परिवार ने विभिन्न संस्कार निःशुल्क कराए गए। युग पुरोहित परमानंद ने संस्कार के महत्व को बताते हुए कहा कि मां के गर्भ से शिशु को जब तक संस्कार नहीं मिलेगा तब तक बालक को हम किसी भी संस्कारशाला में पढ़ा लिखा ले वह बालक अभिमन्यु नहीं बन सकता और पूर्व काल में जो नाम हम अभिमन्यु का सुनते हैं गर्भ से ही वह बालक माता-पिता के संस्कारों से ही वीर अभिमन्यु बनाया गया था। सुजाता के पति कोहाड़ ऋषि ने गर्भ में पल रहे शिशु उन्होंने दिव्य संस्कार दिया। इसका परिणाम बालक अष्टावक्र परम ज्ञानी के रूप में पैदा हुए।विद्यारंभ संस्कार के बारे में कहा कि विद्या अध्ययन करने के पहले विद्या आरंभ संस्कार भी आवश्यक है।माता सरस्वती भगवान गणेश का पूजन करके और माता-पिता का आशीर्वाद लेकर के विद्यारंभ संस्कार करने वाला बालक बड़ा ही विद्वान बनता है। उसी प्रकार अन्नप्रासन संस्कार भी कराया गया जिसमें खीर, तुलसी दल, मधुरस, घी, गंगाजल जैसे अमृत को मिला करके बच्चे को खिलाकर उस बच्चों को शाकाहारी बनाने माता-पिता को प्रेरणा दी गई।

**यज्ञ के साथ संपन्न हुए विभिन्न संस्कार-** संतोष साहू ट्रस्टी राजिम ने बताया कि यज्ञ के साथ विभिन्न संस्कार हुए जिसमें 09 गर्भवती बहनों का पुंसवन संस्कार, 25 बच्चो का विद्यारंभ संस्कार, 05 भाई बहनों का जन्मदिवस संस्कार, 02 बच्चों का अन्न प्राशन संस्कार, 11 जोड़ों का विवाह दिवस संस्कार 07 भाई बहनों का दीक्षा संस्कार कराया गया। इसके साथ ही 55 घरों में अन्नघट स्थापित किया गया। ग्राम सिर्रीकला के निवासी नारायण लाल साहू ने गायत्री प्रज्ञा पीठ का निर्माण करवाया है। अन्यत्र निवास होने के कारण उन्होंने ग्रामवासियों से कहा की आप लोग प्रतिदिन पूजा पाठ संस्कार यज्ञ आदि करेंग। उसके संचालन की व्यवस्था मै करूंगा। राजिम से दीपा संतोष साहू द्वारा मंदिर के लिए एक घंटी दिया गया। गायत्री परिवार के वरिष्ठ एच एल साहू संतोष साहू, चिंताराम साहू, जगदीश साहू घनाराम साहू, जमुना, दिनेश साहू का यज्ञ के लिए समयदान करने एवं आयोजन को सफल बनाने के लिए ग्रामवासियों ने श्रीफल सें सम्मान किया। ग्राम वासियों के पुरुषार्थ और मेहनत के लिए गायत्री परिजनों ने मयाराम साहू, मदन साहू, रेखु साहू, कृष्णा साहू का श्रीफल से सम्मान भी हुआ। टोली में पधारे ऋषिपुत्र युग पुरोहित परमानंद, तेजराम विश्वकर्मा, हरिशंकर सिन्हा, नरसिंह साहू, देवकन्या हीरा और भोजकुमारी का गायत्री परिवार और ग्रामवासियों द्वारा भाव भरी विदाई देकर सम्मान किया गया। इस कार्यक्रम को विशेष रूप से दिशा देने वाले पूर्व विकासखंड शिक्षा अधिकारी गायत्री परिवार के प्रमुख एचएल साहू सर ने कहा कि आज हर गांव में गायत्री यज्ञ की आवश्यकता है ताकि संस्कार की परिपाटी बनी रहे। कार्यक्रम का संचालन संतोष साहू शिक्षक एवं आभार मदन लाल साहू ने किया। सफल आयोजन के लिए ग्रामवासियों का भरपूर सहयोग प्राप्त हुआ।




# कांग्रेस के 9 पार्षदों ने किया सामान्य सभा का बहिष्कार, सत्ता पक्ष पर लगाए गंभीर आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुरा

नगर पंचायत में आयोजित सामान्य सभा की बैठक कांग्रेस के 9 पार्षदों ने सामूहिक रूप से बैठक का बहिष्कार कर दिया। बैठक में अध्यक्ष पक्ष के मात्र 6 पार्षद ही उपस्थित रहे, जिससे नगर पंचायत की कार्यप्रणाली और जनहित के मुद्दों को लेकर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। विपक्षी पार्षदों ने बैठक में शामिल न होते हुए सीधे तौर पर नगर पंचायत प्रशासन और अध्यक्ष पर मनमानी कार्यशैली अपनाने का आरोप लगाया। नेता प्रतिपक्ष पंचराम टंडन ने बहिष्कार के पीछे के कारणों को विस्तार से बताते हुए कहा कि सामान्य सभा की बैठक नियमानुसार प्रत्येक तीन माह में आयोजित की जानी चाहिए, जिसमें नगर के विकास और जनहित से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा कर ठोस निर्णय लिए जाते हैं। लेकिन छुरा नगर पंचायत में यह प्रक्रिया केवल औपचारिकता बनकर रह गई है। पंचराम टंडन ने यह भी कहा कि नगर पंचायत अध्यक्ष द्वारा बिना पार्षदों के साथ सामूहिक चर्चा किए ही एजेंडा तैयार कर लिया जाता है, जिसकी जानकारी भी समय पर पार्षदों को नहीं दी जाती। इससे न केवल पारदर्शिता प्रभावित हो रही है, बल्कि जनप्रतिनिधियों की भूमिका भी सीमित होती जा रही है।

**विकास की सुस्त रफ्तार और तकनीकी संकट-** विपक्षी पार्षदों शमीम खान, दीप्ति यादव, यामीन, शांतनु देवांगन ने एक स्वर में कहा कि वे विपक्ष में रहते हुए भी हमेशा जनहित के मुद्दों को प्राथमिकता देते आए हैं, लेकिन लगातार अनदेखी और प्रशासनिक उदासीनता के चलते उन्हें यह कठोर कदम उठाने के लिए मजबूर होना पड़ा। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि आने वाले समय में जनहित के मुद्दों को गंभीरता से नहीं लिया गया, तो आंदोलन की रणनीति भी अपनाई जा सकती है। इस पूरे घटनाक्रम के बाद छुरा नगर पंचायत की कार्यप्रणाली और विकास कार्यों की स्थिति पर सवाल उठने लगे हैं। अब देखने वाली बात होगी कि नगर पंचायत प्रशासन और सत्ताधारी पक्ष इस मामले में क्या रुख अपनाते हैं और क्या जनहित के मुद्दों पर कोई ठोस पहल की जाती है या नहीं।

### औपचारिकता बनकर रह गई बैठकें



विपक्षी पार्षदों ने सत्ता पक्ष पर आरोप लगाया कि वे झूठे और बेबुनियाद आरोप लगाकर मुद्दों से ध्यान भटकाने का प्रयास कर रहे हैं। पेवर ब्लॉक निर्माण कार्य को लेकर लगाए गए आरोपों का खंडन करते हुए पार्षदों ने कहा कि पूर्व में इस प्रकार के प्रस्ताव उनकी सहमति से पारित नहीं किए गए थे। उन्होंने स्पष्ट किया कि पहले भी पेंशन, राष्ट्रीय परिवार सहायता योजना और राशन कार्ड जैसे महत्वपूर्ण जनहित के मुद्दों को एजेंडे में शामिल नहीं किए जाने के कारण बैठक का बहिष्कार किया गया था। वार्ड क्रमांक 15 के पार्षद सलीम मेमन ने प्रधानमंत्री आवास योजना को लेकर गंभीर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि योजना का लाभ अब लगभग बंद हो चुका है। शासन द्वारा नियमों में किए गए बदलावों के कारण पात्र हितग्राहियों को भी लाभ मिलने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि नगर में विकास कार्यों की गति पिछले एक वर्ष में बेहद धीमी रही है, जिससे आम जनता में निराशा का माहौल है। विपक्षी पार्षदों का यह भी आरोप है कि वर्तमान में नगर में जो भी निर्माण कार्य किए जा रहे हैं, वे पूर्व पंचवर्षीय कार्यकाल में स्वीकृत योजनाओं के अंतर्गत हैं। वर्तमान कार्यकाल में नए विकास कार्य लगभग ठप पड़े हैं।





विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### जीरो टॉलरेंस की नीति से छत्तीसगढ़ हुआ नक्सल मुक्तः योगेश शर्मा

**मैनपुर।** भाजपा गरियाबंद जिला उपाध्यक्ष पंडित योगेश शर्मा कहा कि केन्द्र एवं राज्य सरकार की दृढ़ इच्छाशक्ति एवं जीरो टॉलरेंस की नीति के चलते आज देश एवं छत्तीसगढ़ राज्य नक्सलमुक्त हुआ है। नक्सल मुक्त के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह एवं छत्तीसगढ़ के



मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, गृहमंत्री विजय शर्मा एवं राज्य सरकार के प्रति उन्होंने आभार व्यक्त किया। श्री शर्मा ने कहा कि केन्द्रीय गृहमंत्री शाह एवं प्रदेश की साय सरकार ने लगातार प्रयास किया, नक्सल प्रभावित क्षेत्रें में जाकर लोगों में जागरूकता लाई एवं माओवादियों को मुख्यधारा में लाने के लिए पुनर्वास जैसी महत्वपूर्ण नीति भी लाई, जिससे प्रभावित होकर नक्सली मुख्यधारा में लौटे केन्द्र सरकार के कार्यों एवं प्रदेश की साय सरकार की नीतियों से प्रभावित हुए छत्तीसगढ़ ने नक्सलवाद के खिलाफ लंबी लड़ाई लड़ी दशकों तक हमारे सुदूर वनांचल क्षेत्र के जनजातीय क्षेत्रों ने नक्सलवाद का दंश झेला है और क्षेत्र का विकास दशकों तक बाधित रहा हमारे सैकड़ों जवान नक्सलवाद से लड़ाई में बलिदान हो गए।

### केन्द्र सरकार की गलत आर्थिक नीति से बढ़ी महंगाई : रामकृष्णा

**मैनपुर।** ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष मैनपुर रामकृष्ण ध्रुव ने केन्द्र के मोदी सरकार की आर्थिक नीतियों



को जनता के खिलाफ सर्जिकल स्ट्राइक करार दिया है। उन्होंने कहा कि केंद्र की गलत नीतियों, आर्थिक कुप्रबंधन और कूटनीतिक विफलताओं ने देश को महंगाई के दलदल में धकेल दिया है श्री ध्रुव ने केंद्र सरकार पर प्रहार करते हुए महत्वपूर्ण तथ्य रखे और बताया कि मोदी सरकार ने जनता की जेब पर डकैती डालते हुए कमर्शियल गैस सिलेंडर के दाम में 195 की ताजा वृद्धि की है पिछले 03 महीनों में कुल 525 की बढ़ोतरी हो चुकी है। यही नहीं पिछले हफ्ते ही घरेलू गैस पर 62 बढ़ाकर मध्यमवर्गीय परिवारों की कमर तोड़ दी गई है।

### कुटुंब प्रबोधन और सामाजिक समरसता से राष्ट्र समृद्ध होगा

**अभनपुर।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के अंतर्गत आयोजित कार्यक्रमों की श्रृंखला में रायपुर ग्रामीण जिले में प्रमुख जन गोष्ठी का आयोजन कृष्णा पब्लिक स्कूल, नया रायपुर में संपन्न हुआ। गोष्ठी का मुख्य उद्देश्य संघ की 100 वर्षों की यात्रा, उसके कार्यों एवं समाज में निभाई जा रही भूमिका को प्रमुख जनों तक पहुंचाना रहा। इस अवसर पर लगभग 10 अलग-अलग वर्गों से जुड़े प्रतिनिधि शामिल हुए, जिनमें सेवा प्रदाता, डॉक्टर, अधिवक्ता, वैज्ञानिक, अभियंता, सेवानिवृत्त सैन्य अधिकारी, रामायण मंडली के सदस्य, ग्राम प्रमुख, स्व-सहायता समूह के प्रतिनिधि, क्रीड़ा एवं कला क्षेत्र से जुड़े लोग प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

**मौसम :** जिले में आसमान से बरस रही आग, पारा 6 डिग्री तक बढ़ने की चेतावनी, लू का अलर्ट

# भीषण गर्मी के बीच पैरी नदी में बच्चों की धमा चौकड़ी, 40 डिग्री तक पहुंच सकता है तापमान





हरिभूमि न्यूज ⏭ गरियाबंद

जिले में अप्रैल की शुरुआत के साथ ही भीषण गर्मी ने अपना असर दिखाना शुरू कर दिया है। तेज धूप और बढ़ते तापमान ने जनजीवन को प्रभावित कर दिया है। मौसम विभाग ने चेतावनी दी है कि आने वाले दिनों में तापमान में करीब 6 डिग्री सेल्सियस तक बढ़ोतरी हो सकती है, जिससे लू जैसे हालात बनने की आशंका है। भीषण गर्मी के बीच स्थानीय स्तर पर एक अलग ही तस्वीर देखने को मिल रही है। पैरी नदी में स्कूली बच्चे झुंड बनाकर पानी में उतरते नजर आ रहे हैं। तपती गर्मी से राहत पाने के लिए बच्चे नदी में धमा-चौकड़ी करते दिखाई दिए, जिसे कैमरे में कैद किया गया। यह नजारा जहां एक ओर गर्मी की गंभीरता को दिखाता है, वहीं दूसरी ओर ग्रामीण जीवन की सहजता भी झलकाता है। जिले के गरियाबंद, मैनपुर, देवभोग सहित मैदानी क्षेत्रों राजिम, फिंगेश्वर और छुरा में गर्मी का असर तेजी से बढ़ रहा है। सुबह 9 बजे से ही धूप तीखी हो जाती है और दोपहर तक हालात बेहद गर्म हो जाते हैं। मौसम विभाग के अनुसार अगले कुछ दिनों में अधिकतम तापमान 38 से 40 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच सकता है, जो सामान्य से काफी अधिक है।विशेषज्ञों का कहना है कि शुष्क और गर्म हवाओं के कारण दोपहर के समय लू चलने की संभावना है। ऐसे में बिना जरूरी काम के घर से बाहर निकलना खतरनाक साबित हो सकता है। बच्चों, बुजुर्गों और बीमार व्यक्तियों को विशेष सतर्कता बरतने की सलाह दी गई है। फिलहाल जिले में बारिश के कोई संकेत नहीं हैं। साफ आसमान और तेज धूप के चलते तापमान में लगातार वृद्धि हो रही है। दिन में चिलचिलाती गर्मी और रात में उमस से लोगों की परेशानी बढ़ती जा रही है।

#### लू से बचें

स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने लोगों को अधिक मात्रा में पानी पीने, हल्के व सूती कपड़े पहनने और धूप से बचने की सलाह दी है। प्रशासन ने भी अपील की है कि लोग आवश्यक होने पर ही घर से बाहर निकलें और गर्मी से बचाव के सभी उपाय अपनाएं। मौसम विभाग के अनुसार अगले 4 से 5 दिनों तक गर्मी का प्रकोप और बढ़ सकता है। ऐसे में गरियाबंद जिले के लोगों को सतर्क रहकर इस भीषण गर्मी का सामना करने की जरूरत है।



## बजरंग मंदिर में उमड़े भक्त, जय श्रीराम के जयकारों से गूंजा क्षेत्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ रसेला



मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम के अनन्य भक्त और संकटमोचन पवनपुत्र हनुमान का जन्मोत्सव गुरुवार को रसेला सहित पूरे अंचल में अगाध श्रद्धा, भक्ति और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। सुबह की पहली किरण के साथ ही मंदिरों में गूंजते शंखनाद और हनुमान चालीसा के पाठ ने पूरे रसेला को भक्तिमय कर दिया। ग्राम रसेला के हृदय स्थल हनुमान मंदिर को आकर्षक फूलों से सजाया गया था, जहां दिन भर भक्तों का तांता लगा रहा। सुबह 9 बजे सुंदरकांड पाठ कर गायत्री परिवार द्वारा विधिवत पूजा अर्चना के साथ हवनकुंड में सभी श्रद्धालुओं ने आहुतियां डाली गई। श्रद्धालुओं ने सिंदूर, चोला, फल और मिष्ठान अर्पित कर अपनी मनोकामनाएं मांगी तत्पश्चात उपसरपंच परमेश्वर यादव के तरफ से सभी श्रद्धालुओं और आने जाने वाले लोगों को खीर प्रसादी वितरण किया गया। साथ ही जयहिंद हार्डवेयर और संजीव क्लथ जनरल स्टोर के द्वारा सभी लोगों को पुड़ी और चना प्रसाद वितरण किया गया। क्षेत्र के ग्राम मेडकीडबरी, रूवाड, कनसिघी, कुडेरादार, कोठीगाव, दादरगाव नया, टेगनाबासा, रावनाभाटा, भरूवामुडा सहित हनुमान जन्मोत्सव के पावन अवसर पर सभी गांवों के चौक चौराहों पर सेवा और समर्पण का अनूठा नजारा देखने को मिला। इस मौके पर ग्राम पटेल लोकराम यादव, डी आर यादव, जगतराम यादव, ठाकुर राम यादव, नंदूदास मानिकपुरी, भरत यादव, रामायण ठाकुर, नंदकिशोर यादव, राघवेंद्र यादव, दीपचंद साहू, भूषण साहू, लक्ष्मण यादव, देवलाल निषाद, यशराम यादव, सुंदर ठाकुर, दयाराम निषाद, पीताम्बर निषाद, कैलाश कोमर्रा, दुर्गेश कोमर्रा, टंकेश्वर पटेल, मोहन्द्र मरकाम सहित ग्रामीणजन उपस्थित थे।

## कसहीबाहरा में गूंजी मानस की चौपाइयां हास्य कवि सम्मेलन में झूम उठे श्रोता

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुरा

हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर ग्राम कसहीबाहरा (छुरा) में जय हनुमान मंदिर सेवा समिति के तत्वाधान में दो दिवसीय मानस गान प्रतियोगिता रखा गया था, जिसके अंतिम दिन में रात्रिकालीन भव्य हास्य कवि सम्मेलन का आयोजन स्मरण साहित्य समिति, छुरा के कवियों की उपस्थिति में संपन्न हुआ। जिसमें भारी संख्या में ग्रामवासी और भक्त गण उपस्थित रहें। कवि सम्मेलन में सर्वप्रथम कवियों का स्वागत तिलक और बैच लगाकर किया गया। काव्य पाठ की शुरुआत माँ शारदे को नमन करते हुए गीतकार खोलबाहरा निषाद ने अपने सुमधुर वाणी से सरस्वती वंदना करते हुए किया। तत्पश्चात लोहझर से वरिष्ठ कवि एन.एल. पटेल ने हास्य व्यंग्य की कविता सुनाकर दर्शकों के तालियों की गड़गड़ाहट के साथ कवि सम्मेलन में चार चांद लगा दिया।बोईरगांव (छुरा) से कवि पुष्पराज साहू 'राज' ने रावण के अच्छाई को आज के जन मानस में व्यंग्य करते हुए 'हाँ, मँय रावण ही ठीक हँव' और नशा मुक्ति का संदेश देते, सरकार के नशाखोरी जैसे गलत नीतियों पर व्यंग्यात्मक कविता 'झिन बिगाड़ मोर छत्तीसगढ़ ल' सुना कर लोगों को जागरूक बनने के लिए प्रेरित किया। छुरा से कवि गोंविद यादव ने शायराना अंदाज में अपनी संदेशात्मक गजल पढ़कर श्रोताओं के बीच जोरदार तालियों से आशीर्वाद प्राप्त किया। पंडरीपानी से गीतकार देवनारायण यदु ने किसान और जवान के अथक परिश्रम व उनके दर्द को श्रोताओं के बीच 'धन्य हे मोर छत्तीसगढ़ के किसान' कविता के रूप में रखकर खूब तालियां बटोरी।

#### कवि सम्मेलन में छाई छत्तीसगढ़ी संस्कृति और व्यंग्य



पुराने समय में अल्प साधन के बाद भी चेहरे में खुशहाली भरे किसानों के गाथा को कविता के रूप में परोसा। पिलेश पटेल ने वीर रस की कविता पड़कर जन मानस में देश प्रेम की भावना जागृत कर दिया।बेलर से आए हुए हास्य कवि देवेंद्र कुमार ध्रुव 'फुटहाकरम' ने नारी शक्ति ऊपर सुंदर हास्य, मार्मिक और संदेशात्मक छत्तीसगढ़ी कविता 'बाबू, कभू झन करबे अपन मया म बांटा गा' पढ़कर लोगों के बीच में तालियों की झड़ी लगा दी। कार्यक्रम के समापन अवसर पर आयोजक समिति द्वारा कवियों को श्रीफल व लिफाफा देकर सम्मानित किया।इस प्रकार रात्रिकालीन हास्य कवि सम्मेलन का सफलता पूर्वक समापन हुआ। उक्त आयोजन में ग्रामीणों और आगंतुक भक्त जनों के लिए कौशिल्या भंडार में भोजन प्रसादी की भी सुंदर व्यवस्था रखी गई थी। कार्यक्रम को सफल बनाने में ग्रामीणों के साथ ही नवापारा निवासी गोलछा परिवार का भी भरपूर

## हनुमान जन्मोत्सव पर नगर में भक्ति का उत्साह

हरिभूमि न्यूज ⏭ नवापारा-राजिम







नगर में श्री हनुमान जन्मोत्सव के पावन अवसर पर श्रद्धा और भक्ति का अदभुत माहौल देखने को मिला। शहर के विभिन्न हनुमान मंदिरों में सुबह से ही भक्तों की भीड़ उमड़ पड़ी, जहां पूजा-अर्चना, भजन-कीर्तन और आरती का आयोजन बड़े ही धूमधाम से किया गया। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष ओमकुमारी-संजय साहू ने शहर के अलग-अलग हनुमान मंदिरों में पहुँचकर विधिवत पूजा-अर्चना की। उन्होंने वार्ड क्रमांक 2 में सुबह से ही उपस्थित होकर श्री हनुमान जी महाराज की पूजा और आरती में भाग ली तथा प्रसादी वितरण में भी शामिल हुईं। अध्यक्ष ओमकुमारी साहू ने बस स्टेण्ड स्थित शर्मा भोजनालय के हनुमान जी महाराज के मंदिर और श्रीराधाकृष्ण मंदिर में हनुमान जी महाराज की पूजा अर्चना कर नगर की सुख-समृद्धि एवं खुशहाली के लिए मंगल कामना किया। कहा कि श्री हनुमान जी महाराज हम सभी को बल, बुद्धि और शक्ति प्रदान करें, ताकि हम जनसेवा के कार्यों को पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ करते रहें। पूरे नगर में इस अवसर पर भक्ति का माहौल बना रहा। मंदिरों को आकर्षक रूप से सजाया गया था, वहीं श्रद्धालुओं द्वारा हनुमान चालीसा एवं सुंदरकांड का पाठ भी किया गया। जगह-जगह भंडारे और प्रसादी वितरण का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। हनुमान जन्मोत्सव के इस पावन पर्व पर नगरवासियों में खासा उत्साह देखने को मिला और पूरा शहर जय श्री राम एवं जय हनुमान के जयघोष से गूंज उठा।

## जामगांव में मनाई गई हनुमान जयंती

हरिभूमि न्यूज ⏭ फिंगेश्वर



ग्राम जामगांव मे गुरुवार को हनुमान जन्म उत्सव को बड़े ही धूमधाम के साथ मनाया गया। हनुमान चालीसा, राम रक्षा स्त्रेत का पाठ किया गया एवं जय श्रीराम जय हनुमान के नारे लालाराम साहू के घर के सामने लगाया गया। शाम को 4.00 बजे शोभा यात्रा के रूप में प्राचीन हनुमान मंदिर महावीर चौक से लेकर गली भ्रमण करते हुए पुनः कार्यक्रम स्थल पर आकर बूंदी खीर एवं पूडी प्रसाद का वितरण किया गया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से राष्ट्रीय हिंदू वाहिनी संगठन के जिला अध्यक्ष दशरथ सिंन्हा, उपाध्यक्ष अरुण कुमार सिंन्हा, जिला पंचायत क्रमांक 1 के सभापति कोमल ढीढी, भागवत सिंन्हा, ग्राम पंचायत जामगांव के प्रथम नागरिक सरपंच के प्रतिनिधि हीरु डहरे, जिला के प्रभारी मिजून साहू, लालाराम साहू, राधेश्याम साहू नीलम कुमार साहू, नेमीचंद साहू, दिनेश साहू, लालता ध्रुव, विनीत उपाध्याय, सुखी राम दीवान, मेवालाल तारक, भुवनेश्वर ध्रुव, शिवराम सिंन्हा, नीरा साहू, फुलेश्वरी ध्रुव, कौशल्या साहू, सुखम दीवान, हेमा ध्रुव, फुलेश्वरी ध्रुव, शांति दीवान, सरस्वती दीवान कुमारी बाई साहू, जमुना दीवान, ओम प्रकाश ध्रुव, गनेंद्र साहू सहित धर्म प्रेमी, अध्यात्म प्रेमी, सनातनी धर्म के लोग बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

**विधायक ने ओड़ आमामोरा में विभिन्न निर्माण कार्यों का भूमिपूजन किया**

# जरूरत पड़ी तो सड़क निर्माण के लिए आंदोलन करेंगे : जनक ध्रुव

हरिभूमि न्यूज ⏭ मैनपुर

बिन्द्रानवागढ़ विधानसभा क्षेत्र के विधायक जनक ध्रुव आज दुर्गम पहाड़ी के ऊपर बसे ओड़ आमामोरा पहुंचे जहां ग्रामीणों ने गाजे बाजे के साथ ऐतिहासिक स्वागत किया। इस दौरान विधायक जनक ध्रुव ने ग्राम ओड़ आमामोरा में विभिन्न निर्माण कार्यो का भूमिपूजन किया।

इस दौरान क्षेत्र के ग्रामीणो ने विधायक जनक ध्रुव को कई समस्याओं से अवगत कराया उनकी प्रमुख मांग अधूरे सड़क निर्माण को पूरा करने के साथ ही स्वास्थ्य सुविधा, बिजली लगाने की मांग किया। इस दौरान आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए विधायक जनक ध्रुव ने कहा विधायक निर्वाचित होने के बाद आज पहली बार आने का अवसर मिला। इस क्षेत्र मे मै लंबे समय से आना चाह रहा था लेकिन मुझे प्रशासन द्वारा अनुमति नहीं दी जा रही थी। उन्होने कहा की इस क्षेत्र के जो भी समस्याएं है उन समस्याओ का समाधान करना उनकी प्राथमिकता है। टाइगर रिजर्व क्षेत्र होने के कारण करोड़ो के सड़क निर्माण कार्य अधूरे पड़े हुए है जिसके कारण क्षेत्र के ग्रामीणों को आवागमन मे भारी परेशानी हो रही है। खासकर गर्भवति महिलाओ और बीमार व्यक्ति को इलाज कराने के लिए अस्पताल तक ले जाने मे असुविधाओ का सामना करना पड़ रहा है।

उन्होने कहा सड़क निर्माण उनकी पहली प्राथमिकता है सड़क निर्माण हो जाने से अन्य विकास कार्य भी आसानी से होंगे। इस दौरान क्षेत्र के सरपंचो एवं जनपद सदस्य ने बताया की यहां स्वास्थ्य की कोई सुविधा नहीं है। आजादी के 79 वर्षो बाद भी ग्रामीण डॉक्टर के अभाव में झाड़ फूक कराने मजबुर हो रहे हैं और समय पर इलाज नहीं मिलने पर कई लोगों की अकाल मृत्यु हो जाती है।



#### ग्रामीण अंधेरे में जीवन यापन करने को मजबूर

विधायक जनक ध्रुव ने मुख्यमंत्री से मुलाकात कर यहां जल्द ही उपस्वास्थ्य केन्द्र और स्वास्थ्य विभाग की टीम पदस्थ करने का आश्वासन दिया है। इस दौरान ग्रामीणो ने कहा की आज तक इस क्षेत्र में बिजली नहीं लगी है। बिजली के अभाव में ग्रामीण रात के अंधेरे में जीवन यापन करने मजबूर हो रहे हैं। साथ ही पेयजल जैसे बुनियादी सुविधाओं का अभाव है। स्कूलों में शिक्षक नहीं है। महिला बाल विकास विभाग द्वारा संचालित आंगनबाड़ी केन्द्रों का हाल बेहाल है। जहां कोई सुविधा नहीं है। सभी समस्याओं को गंभीरता से सुनने के बाद विधायक जनक ध्रुव सभी समस्याओ का समाधान करवाने का आश्वासन दिया है। इस दौरान सरपंच राजीबाई सोरी, अर्जुनलाल कमार, लखन यादव, नंदलाल, मनोज, सुंदरसिंह, दशपुर सरपंच नरेन्द्र ध्रुव, पतोरादादर सरपंच कृष्णकुमार नाग, राकेश कुमार मुर्रा, दिनेश कुमार, वरिष्ठ कांग्रेस नेता हबीब मेमन, टिके"वर प्रसाद तिवारी, हेमलाल बारले, केशव सिन्हा सहित बड़ी संख्या मे ग्रामीणजन उपस्थित थे।

